Ans. (c) सही सुमेलित है-

	वन्य जीव अभयारण्य	अवस्थिति
(i)	रामगढ़ अभयारण्य -	बूंदी
(ii)	जवाहर सागर अभयारण्य-	कोटा
(iii)	वन विहार अभयारण्य-	धौलपुर
(iv)	ताल छाप्पर अभयारण्य-	चुरू
(v)	सरिस्का अभयारण्य -	अलवर

587. निम्न में से कौन सा युग्म गलत है?

वन्यजीव अभयारण्य — जिला

(a) जमवा रामगढ़ - झालावाड़
(b) सरिस्का - अलवर
(c) केसरबाग - धौलपुर
(d) सज्जनगढ़ - उदयपुर

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020

Ans. (a) सही सुमेलन इस प्रकार है-

वन्यजीव अभ्यारण्य		जिला
(a) जमवा रामगढ़	-	जयपुर
(b) सरिस्का	-	अलवर
(c) केसरबाग	-	धौलपुर
(d) सज्जनगढ़	-	उदयपुर

588. 'सेवण' व 'लवण' घास राजस्थान के किस जलवायु प्रदेश में उगती है?

(a) अर्धशुष्क (b) उप-आर्द्र
(c) आर्द्र (d) शुष्क

कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (d) 'सेवण' व 'लवण' घास पश्चिमी राजस्थान के शुष्क, अति शुष्क क्षेत्रों में पाई जाती है। यह घास कम वर्षा वाली रेतीली भूमि में भी आसानी से उगती है। इन घासों का चारा पशुओं के लिए पौष्टिक तथा पाचक होता है।

589. निम्नलिखित में से कौन सी वनस्पति प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में उपयोगी है?

(a) ब्राह्मी (b) अर्जुन
(c) ग्वारपाठा (d) अश्वगंधा

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (d)प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में अश्वगंधा काफी उपयोगी साबित होता है। भारत में पारंपरिक रूप से इसका उपयोग आयुर्वेदिक उपचार के लिए किया जाता है। यह विथानिया कुल का पौधा है।

590. निम्नलिखित में से कौन सी घास राजस्थान के पश्चिमी जिलों में नहीं पाई जाती है?

(a) लाणा (b) सेवण
(c) धामण (d) करड़

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (a) 'लाणा' घास राजस्थान के पश्चिमी जिलों में नहीं पाई जाती है। सेवण एक बहुवर्षीय घास है। यह पश्चिमी राजस्थान के शुष्क क्षेत्रों में पाई जाती है।

591. राजस्थान सरकार के वन विभाग द्वारा जारी जिलों हेतु निर्धारित वन्यजीव शुभंकर के गलत युग्म को पहचानिए-

(a) अलवर-बाघ
(b) भीलवाड़ा-मोर
(c) भरतपुर-सारस (क्रेन)
(d) जालोर-भालू

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (a) राजस्थान सरकार के वन विभाग द्वारा अलवर जिले के लिए निर्धारित वन्य जीव शुभंकर 'सांभर हिरण' है। वर्ष 2015 में राजस्थान सरकार द्वारा वन्यजीव संरक्षण की दिशा में लोगों में जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले का एक वन्य जीव शुभंकर घोषित किया गया।

592. निम्न को सुमेलित कीजिए एवं नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :-

(1) पक्षी अभयारण्य — (i) केवलादेव
(2) बाघ परियोजना — (ii) रणथम्भौर
(3) कृष्ण मृग अभयारण्य — (iii) तालछापर
(4) उड़न गिलहरी — (iv) सीतामाता

	(1)	(2)	(3)	(4)
(a)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(b)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)
(c)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(d)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018

Ans. (c) सही सुमेलित निम्न प्रकार से है-

- केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (भरतपुर) - पक्षी अभ्यारण्य
- रणथभौर राष्ट्रीय पार्क (सवाई माधोपुर) - बाघ परियोजना
- तालछापर अभ्यारण (चुरू) - कृष्ण मृग (काले हिरण)
- सीतामाता वन्यजीव अभ्यारण्य (प्रतापगढ़ एवं चित्तौड़गढ़) - उड़न गिलहरी

593. निम्न में से कौन सा राजस्थान में मरुस्थलीकरण का कारण नहीं है?

(a) अति चारण (b) जनसंख्या आधिक्य
(c) जैविक कृषि (d) अति जुताई

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (c) राजस्थान में मरुस्थलीकरण के कुछ प्रमुख कारण निम्नलिखित है–मृदा अपरदन, वायु अपरदन, वनोन्मूलन, मृदा लवणता व क्षारीयता, अति चारण, कृषि पद्धतियाँ (जुताई, सिंचाई आदि) व जनसंख्या आधिक्य (शहरीकरण) आदि। जबकि जैविक कृषि मरुस्थलीकरण का कारण नहीं है क्योंकि यह प्राकृतिक कृषि का एक तरीका है जिसमें खेतों की गुणवत्ता बरकरार रहती है।

594. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चाहिए।

सूची-I अभयारण्य/राष्ट्रीय उद्यान	सूची-II अवस्थिति
(i) सीतामाता	(a) अलवर
(ii) सरिस्का	(b) भरतपुर
(iii) कैलादेवी	(c) प्रतापगढ़
(iv) केवलादेव	(d) करौली